सतना-रीवा-बघवार-ब्यौहारी रेल लाईन का सर्वेक्षण

3967. **श्री कैलाश नारायण सारंग :** क्या रेल मंत्री 22 जुलाई, 1992 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 213 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि सतना-रीवा-बघवार ब्यौहारी रेल लाईन का सर्वेक्षण कार्य कब पूरा किया गया था तथा इसकी अनुमानित लागत कितनी थी ।

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : सतना-रीवा-बघवार ब्यौहारी (122 कि. मी.) के लिए सर्वेक्षण 31-1-90 को पूरा हो गया था । उस समय परियोजना पर 101.59 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान लगाया गया था ।

उत्तर प्रदेश में रेलवे परियोजनायें

3968. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में उन रेलवे परियोजनाओं के नाम क्या हैं जिन्हें सातवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किया गया था किन्तु जो अभी तक पूरी नहीं हुई है ;

(ख) इनमें से प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है,

(ग) प्रत्येक परियोजना के पूरा हो की तारीख क्या-क्या है और उनकी अनुमानित लागत कितनी-कितनी है, और

(घ) किन-किन परियोजनाओं को आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में शुरू किए जाने की संभावना है और उनकी अनुमानित लागत कितनी-कितनी है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) वर्तमान स्थिति और अनुमानित लागत सहित प्रमुख परियोजनाएं नीचे दी गई हैं :—

क्र. सं.	परियोजना का नाम	वर्तमान स्थिति	अनुमानित लागत (करोड़ रुपयों में)
1	2	3	4
1.	गुना- इटावा नई बड़ी लाइन (348 कि. मी.)	गुना-शिवपुरी और ग्वालियर-पनिहर खंड पहले ही चालू कर दिये गये है, बिड़ला नगर-सनिचरा खंड प्रगति पर है ।	256
2.	छपरा-औंड़िहार का बड़ी लाइन में आमान परिवर्तन (171 कि. मी.)	1991-92 के दौरान कार्य शुरू कर दिया गया है और यह प्रगति पर है ।	73.20
3.	उत्तर रेलवे पर माल गाड़ी परिचालन सूचना प्रणाली का कंप्यूरीकरण	प्रारम्भिक कार्य शुरू कर दिये गये हैं ।	320
4.	मुगलसराय रूट रिले अन्तर्पाक्षन	कार्य प्रगति पर है ।	23.01
5.	दिल्ली-मुगलसराय: चल रेडियो संचार के नियंत्रण के लिए गाड़ी	स्थल सर्वेक्षण पूरा हो गया है और उपस्कर इकट्ठे किये जा रहे हैं ।	15.35

1	2	3	4
6.	टूण्डला-मुगलसराय: मौजूदा सूक्ष्मतरंग सम्पर्क का 34 एम बिट अंकीय सूक्ष्म-तरंग द्वारा बदलाव	उपस्कर तथा उत्थापन के लिए ठेकों को अंतिम रूप दे दिया है ।	30.84
7.	मुगलसराय-मौजूदा फ्लैश बट झलाई संयंत्र का बदलाव	प्रगति 75 प्रतिशत	5.90
8.	मुगलसराय-बिजली रेल इंजन शैड में 110 से 120 बिजली रेल इंजनों के लिए अतिरिक्त अनुरक्षण सुविधाएं	प्रगति 80 प्रतिशत	4.91
9.	डी. रे. का., वाराणसी-उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 155 रेल इंजन/ 170 इंजन करना	प्रगति 4 प्रतिशत	15.50
	उपर्युक्त परियोजनाएं संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार प्रगति पर है।		

(घ) 1992–93 अर्थात् आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम वर्ष के दौरान निम्नलिखित प्रमुख कार्य शुरू किये गये है :—

		लागत (करोड़ रुपयों में)
1.	बुढ़वल-सीतापुर (98 कि. मी.) का आमान परिवर्तन	47
2.	इलाहाबाद-वाराणसी (123 कि. मी.) का आमान परिवर्तन	83.65
3.	मनकापुर-कटरा-फैजाबाद (37 कि. मी.) का आमान परिवर्तन (कटरा और फैजाबाद के बीच नई बड़ी लाईन)	24.62
4.	खानआलमपुरा—वात ब्रेक स्टाक के लिए सुविधाओं का उन्नयन	6.93
5.	लखनऊ (आलमबाग) सवारी और माल डिब्बा कारखाने का आधुनिकीकरण	21.81
6.	अम्बाला-मुरादाबाद (274 कि. मी.) का विद्युतीकरण	147
7.	रामपुर-डुमरा-गड़हरा/बरौनी सहित झाझा-मुगलसराय का विद्युतीकरण (कुल 408 मार्ग कि. मी. में से 100 मार्ग कि. मी. उत्तर प्रदेश में पड़ता है)	185.20

योजना अवधि के शेष वर्षों के लिए परियोजनाओं को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है ।